संख्या- 325 /2025/ 3202 /चार-2025-1899120

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 17 नवम्बर, 2025**

विषय:- प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में संगीत एवं नृत्य का 10वां भारत-अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव के आयोजन पर हुए व्यय की कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 3173/सं0नि0-15(126)/2024-25, दिनांक 06 नवम्बर, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं भारतीय संस्कृति सम्वन्ध परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 22-23 फरवरी, 2025 को प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में संगीत एवं नृत्य के 10वें भारत-अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया गया है। उक्त महोत्सव में 12 देशों यथा- दक्षिण अफ्रीका, मंगोलिया, वियतनाम, फिजी, मलेशिया, क्रिज रिपब्लिक, रूस, रवान्डा, वांग्लादेश, मालदीव तथा फिलीपीन्स से 142 कलाकारों के साथ ही 15 भारतीय कलाकारों के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कराई गई हैं। उक्त प्रस्तुति से पूर्व दिनांक 19 व 20 फरवरी, 2025 को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के दिल्ली से आगरा व लखनऊ, लखनऊ से प्रयागराज तथा प्रयागराज से पुनः दिल्ली व लखनऊ तक वापस जाने एवं मार्ग इत्यादि पर हुए व्यय के साथ ही कार्यक्रम के आयोजन पर हुए वास्तविक व्यय मदवार विवरण निम्नवत् हैः-

क्र.	फर्म का नाम	बिल संख्या	बिल दिनांक	धनराशि	कार्यों का विवरण
1.	मे0 होटल ताज खेमा, आगरा	05	18.02.2025	380625	विदेशी कलाकारों का आगरा भ्रमण हेतु होटल ताज खेमा में लंच से सम्बन्धित व्यय
2.	लखनऊ विकास प्राधिकरण		13.02.2025	726224	इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में स्थित जुपिटर हाल में विदेशी कलाकारों के रिर्हसल एवं प्रस्तुति हेतु हॉल का किराया
3.	मे0 फेयर फिल्ड बाय मैरियट, लखनऊ	250818	27.02.2025	1825814	विदेशी कलाकारों के लखनऊ आगमन पर अवस्थान हेतु होटल पर हुए व्यय
		250817	02.03.2025	281430	
4.	मे0 प्रिंस डिजिटल प्रिन्टर, लखनऊ	PDP/ 24-25/ 178	10.03.2025	16225	विदेशी कलाकारों के लखनऊ से प्रयागराज हेतु पहचान पत्र पर व्यय
5.	मे0 बालिका ट्रैडिंग	BAL-	28.02.2025	132750	लखनऊ में विदेशी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

	कम्पनी, लखनऊ	02/24-25/011			कलाकारों की प्रस्तुति के पश्चात कलाकारों को सम्मानित करने हेतु बैग एवं अंगवस्त्र पर व्यय
		BAL-02/24-25/010	28.02.2025	124600	
6.	मे0 आदित्य इण्टप्राइजेज, लखनऊ	March./ 2025/ 013	12.03.2025	33158	सांस्कृतिक प्रस्तुति की लाइव प्रसारण/ अभिलेखीकरण हेतु फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पर व्यय
7.	मे0 एम0आर0 ट्रेवेल्स, लखनऊ	533	09.03.2025	31136	लखनऊ एवं प्रयागराज में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों/ अधिकारियों/ भातखण्डे, BNA एवं बौद्ध शोध संस्थान के छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं उक्त स्थल तक पहुंचाने हेतु स्थानीय यातायात पर व्यय
		534	09.03.2025	24208	
		535	09.03.2025	44288	
		537	09.03.2025	81984	
		538	09.03.2025	85568	
		539	09.03.2025	10696	
8.	मे0 बी0सी0एस0 कंसल्टींग प्रा0लि0, लखनऊ	BCS/24-25/AD/196	25.02.2025	343820	कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स, स्टैण्डी इत्यादि पर व्यय
9.	मे0 एस 3 इन्फोमीडिया प्रा0लि0, लखनऊ	588	03.03.2025	70459	उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार द्वारा कार्यक्रम स्थल पर अभिलेख प्रदर्शनी पर हुए व्यय से सम्बन्धी
10.	मे0 आकाश इण्टरप्राइजेज, लखनऊ	INV0695	04.03.2025	1150	
		INV0695	04.03.2025	1150	
11.	मे0 वीमे डिजिटल एण्ड इंफोटेंमेंट, लखनऊ	INV0698	04.03.2025	198146	कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विदेशी कलाकारों को वुडेन फ्रेम के साथ प्रमाण पत्र वितरण एवं कार्यक्रम से सम्बन्धित बुकलेट (हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में) के प्रकाशन पर व्यय
12.	मे0 विक्टोरिया कार रेन्टल प्रा0लि0, नई दिल्ली (आई.सी.सी.आर. को प्रतिपूर्ति)	VCRPL/K-3246	03.03.2025	105340	आई.सी.सी.आर. द्वारा व्यय किया गया
13.	मे0 हाईवे ट्रेवेल्स, नई दिल्ली (आई.सी.सी.आर. को प्रतिपूर्ति)	TI1283/ 2024-25	25.02.2025	1120000	
14.	मे0 फेलीज इवेंट एण्ड होस्पिटेल्टी सर्विस, लखनऊ	24-25/159	27.02.2025	1557718	विदेशी कलाकारों के लखनऊ आगमन पर अवस्थान हेतु होटल पर हुए व्यय

https://shasanadesh.up.gov.in

		24-25/160	27.02.2025	76464	विशिष्ट अतिथियों के स्वागत हेतु बुके पर व्यय
15.	मे0 चौधरी फ्लोरिस्ट		20.02.2025	4550	कार्यक्रम स्थल पर विदेशी कलाकारों एवं अतिथियों आगन्तुकों हेतु कार्यक्रम स्थल पर रात्रि भोज एवं प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का सूक्ष्म जलपान तथा प्रस्तुति हेतु टेन्टेज, लाइट, साउण्ड इत्यादि पर व्यय
16.	मे0 रिची रिच इवेंट्स एण्ड प्रमोसंस	RREP/24-25/0289	18.03.2025	706844	कार्यक्रम स्थल पर विदेशी कलाकारों एवं अतिथियों आगन्तुकों हेतु कार्यक्रम स्थल पर रात्रि भोज एवं प्रतिभाग करने वाले छात्र. छात्राओं का सूक्ष्म जलपान तथा प्रस्तुति हेतु टेन्टेजए लाइटए साउण्ड इत्यादि पर व्यय
		RREP/24-25/0288	18.03.2025	1502206	
17.	उद्घोषक		19.02.2025	5000	उद्घोषक के मानदेय पर व्यय
18.	श्री अर्पित श्रीवास्तव/वालन्टियर		25-02-2025	7000	विदेशी कलाकारों को लखनऊ तथा लखनऊ से प्रयागराज तक सहयोग हेतु वॉलिन्टियर पर व्यय
योग- **(रूपये चौरान्बे लाख अट्टान्वे हजार पांच सौ तिरपन मात्र)**				**9498553**	

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में संगीत एवं नृत्य का 10वां भारत-अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव के आयोजन पर हुए व्यय **रू0 94,98,553.00 (रूपये चौरानवे लाख अट्ठानवे हजार पांच सौ तिरपन मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।
(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।
(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(8) स्वीकृत धनराशि का संबंधित को समयान्तर्गत भुगतान के उपरान्त यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

(9) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-19- विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन-42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।